ಮಾದರಿ ಅಭ್ಯಾಸ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ_2

**ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ** **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 61H**

**I.निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं. उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उनके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए।** **8x1=8**

1. ‘ आगे, शब्द का विलोम रूप है -

A] पीछे B] आगे C] अंदर D] बाहर

2. निम्नालिखित मे से ‘ पुल्लिंग , शब्द है -

A] लड़का B] पुस्तक C] लकड़ी D] इसमे कोई नहीं

3. नौका शब्द का अन्य वचन शब्द है -

A] नौके B] नौकाओं C] नौका D] नौकाएँ

4. निम्नलिखित मे से ‘ प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है -

A] कर B] करना C] कराना D] करवाना

5. जेब ______पैसा गिरा -

A] मे B] से C] के D] को

6. आपका नाम क्या है ? - इसमे कौसा विराम चिन्ह है ?

A] पूर्ण विराम B] अल्पविराम C] प्रश्नवाचक D] विस्मयादी बोधक

7. माता -पिता शब्द इस समास का उदाहरण है –

A] द्वंद्व समास B] कर्मधरेय समास C] द्विगु समास D] तत्पुरुष समास

8. निम्नलिखित मे गुण संधि का उदाहरण है । -

A] गिरीश B] महेश C] महालय D] एकैक

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के संबंध केह्य अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए।** **4x1=4**

9. जोग : जलप्रपात :: कावेरी :

10. गांधीजी : राष्ट्रपिता :: अब्दुल कलाम :

11. पहली एवरेस्ट पर्वतारोही महिला : बिछेंद्री पाल :: पहली हिमालय पर्वतारोही पुरुष :

12. हाथी : जंगली जानवार ::भैंस :

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए।** **4x1=4**

13. कौन -कौन कंचे खेल रहे थे ?

14. दोस्तों ने क्या तय किया ?

15. बालकृष्ण का रंग कैसा था ?

16. कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करता है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए।** **8X2=16**

17. दुकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा ?
18. अब्दुल कलाम के पिता के बारे मे लिखिए।
19. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?
20. बसंत राजकिशोर से पैसे लेने से क्यों इनकार करते है ?
21. भारत माता के स्वरूप के बारे मे लिखिए।
22. क्रोधित कृष्ण को माता यशोधा कैसे मनाती है ?
23. शनि का वायुमंडल कैसे बना है ?

अथवा

शनि किसका पुत्र है ? शनै -चर का अर्थ क्या है ?

24. सत्य का स्वरूप क्या है ?

अथवा

सल्मा ने क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए।** **9X3=27**

25. लेखिका की गैरहाजरी मे गिल्लू के कार्य –कलाप के बारे मे लिखिए।
26. महिला की साहस गाथा पाठ से हमे क्या सीख मिलती है ?
27. कर्नाटक की वास्तुकला और शिल्पकला का वर्णन कीजिए।
28. लेखक को भेजे गये निमंत्रण पत्र मे क्या –क्या लिखा गया था ? स्पष्ट कीजिए।
29. “ राजकिशोर के मानवीय व्यवहार अनुसारणीय है ,, कैसे ? बताइए।
30. कविता मे आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कैसे किया गया है ?
31. समय का सादूपयोग कैसे करना चाहिए ?
32. जड़ चेतन ,गुण –दोषमय, विस्व कीन्ह करतार।
    संत-हंस , गुण –गहहि पय, परिहरी वारी विकार॥

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पांच-छः वाक्यों में लिखिए।** **2X4=8**

34. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्व पूर्ण अंग बन गया है। विवरण के साथ स्पष्ट कीजिए।
35. पद्य भाग पूर्ण कीजिए।
    असफलता एक _______________ नहीं होती॥

**VII.36. निम्नलिखित गद्यांश ध्यानपूर्वक पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **4X1=4**

कबीरदास मौन –साधना करनेवाले भक्त थे। निराकार परम शक्ति का स्मरण करते थे। उनके अनुसार आंतरिक पवित्रता से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है। जन जीवन के साथ सद्व्यवहार ही कबीरदास की भक्ति का मूलमंत्र है। उनका कथन था – भक्ति

के क्षेत्र मे सब समान है। वे भौतिक समस्याओं को नगण्य मानते थे। उनका व्यक्तित्व बहुमुखी था। उनकी वाणी अनोखी और अनुपम थी।

1. ईश्वर की प्राप्ति कैसे संभव है ?
2. कबीरदास का कथन क्या था ?
3. कबीरदास की शक्ति का मूलमंत्र क्या है ?
4. कबीरदास की वाणी कैसी थी ?

**VIII. 37.** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15-20** वाक्यों में एक निबंध लिखिए। **1x4=4**

| [ क ] पर्यटन का महत्व | [ ख ] वन महोत्सव | [ ग ] स्वच्छता और सवास्थ |
|---|---|---|
| * अर्थ | * विषय प्रवेश | * विषय प्रवेश |
| * लाभ | * वनों का नाश | * महत्व |
| * हानि | * वृक्षों का उपयोग | * लाभ और उपाय |
| * उपसंहार | * उपसंहार | * उपसंहार |

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1x5=5**

38. कोई कारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापकजी के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिता के नाम एक पत्र लिखिए।